## संक्षिप्त समाचार

### देश को सोने की चिडिया बनाने की जिम्मेदारी: सतीश

**लखनऊ।** स्वदेशी व्यापारी मंच की प्रथम परिचय बैठक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अवध जिमखाना क्लब में आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सहसंगठक एवं वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतीश कुमार ने स्पष्ट कहा कि देश को फिर से सोने की चिड़िया बनाने का काम सिर्फ उद्यमी और व्यापारी ही कर सकता है, इसलिए उद्योग व्यापार जगत के सभी बन्धु खुले मन से राष्ट्रहित सर्वोपरि मानते हुए इस अभियान में जुटे। उन्होंने कहा कि सिर्फ आयातक नहीं, हमें निर्यातक बनना होगा और इस पर प्राथमिकता से ध्यान देना पड़ेगा। स्वदेशी व्यापारी मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक संदीप बंसल ने कहा कि इस मंच के माध्यम से उद्योग और व्यापार जगत की समस्त बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### टीजीटी परीक्षा में अभ्यर्थी हुए शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2022 के अंतर्गत प्रशिक्षित स्नातक (टीजीटी) संवर्ग के 15 विषयों की लिखित परीक्षा का दूसरा दिन गुरुवार को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के दौरान आयोग के मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गई। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में प्रदेश के 504 परीक्षा केन्द्रों पर अंग्रेजी, गृह विज्ञान, जीव विज्ञान विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में 471 परीक्षा केन्द्रों पर संस्कृत, वाणिज्य एवं कला विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रदेश के 36 जनपदों में निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित की गई। 3 जून 2026 को आयोजित परीक्षा में कुल 2,21,489 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जबकि 04 जून 2026 को आयोजित परीक्षा में 2,12,975 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 03 जून की परीक्षा में महिला की उपस्थिति 45.41 प्रतिशत तथा पुरुष की उपस्थिति 52.42 प्रतिशत रही, जबकि 04 जून की परीक्षा में महिला की उपस्थिति 49.16 प्रतिशत और पुरुष की उपस्थिति 52.17 प्रतिशत दर्ज की गई।

## हाजियों का एयरपोर्ट पर किया स्वागत



**लखनऊ।** सपा अल्पसंख्यक सभा के के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने हज के मुकद्दस सफर से वापस आए हाजियों से मुलाकात कर उनका स्वागत किया और हज का सफर पूरा करने पर मुबारक. बाद पेश की। मुलाकात के दौरान हाजिओं से मिलकर खुशी का इज़हार किया। और आने वाले विधान सभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की दुआ की। तमाम हाजिओं का एयरपोर्ट पर सामान चोरी हो गया। जो की बेहद ही शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर शाह आलम प्रदेश उपाध्यक्ष, अतीक उर्फ़ मम्मू प्रदेश सचिव, अकील खान प्रदेश सचिव, शफीन कुरैशी प्रदेश सचिव, एडद्द बदरुल हसन प्रदेश सचिव, मोद्द मोहसिन प्रदेश सचिव, जुनेद अहमद खान प्रदेश सचिव, जमालुद्दीन बेग प्रदेश सचिव, मोद्द सिराज राईनी प्रदेश सचिव, जावेद अली प्रदेश सचिव, मोद्द हसीन अख्तर प्रदेश सचिव, वजहुल क़मर प्रदेश सचिव, मोद्द असलम प्रदेश सचिव, अरशद फ़ारूक़ी प्रदेश सचिव, जमाल खान प्रदेश सचिव, हारुन अजीज जिला अध्यक्ष, वगैरह काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# प्रवक्ता भर्ती के साक्षात्कार 15 जून से शुरू होंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2022 के अंतर्गत प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

साक्षात्कार 15 जून 2026 से प्रारंभ होकर 27 जून 2026 तक विषयवार आयोजित किए जाएंगे।आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रवक्ता पद की लिखित परीक्षा 09 एवं 10 मई 2026 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 02 जून 2026 को घोषित किया गया। लिखित परीक्षा में औपबंधिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों को अब साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होना होगा।15 जून को वाणिज्य, कला, मनोविज्ञान, कृषि एवं गृह विज्ञान विषयों के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। 16 जून को भौतिक विज्ञान एवं इतिहास, 17 जून को रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र, 18 जून को नागरिक शास्त्र एवं गणित तथा 19 जून को जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। इसी प्रकार 20 जून को संस्कृत, 22 जून को भूगोल एवं शिक्षा शास्त्र, 23 जून को अर्थशास्त्र, 24 जून को अंग्रेजी, 25 जून को अंग्रेजी एवं हिन्दी तथा 27 जून को हिन्दी विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार पत्र 05 जून 2026 से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया तथा अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।



आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : भूपेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा आगरा के प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष भारत के विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। इन वर्षों में गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं।

नवीन सर्किट हाउस सभागार आगरा में आयोजित समीक्षा बैठक एवं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेशभर में 'सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाई जाएगी। 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हएक पेड़ मां के नामह अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा।



**14 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन होगा**

08 जून से 14 जून तक जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। 14 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन होगा। जहां आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराया जाएगा। 16 एवं 17 जून को विक. सित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होंगे। 17 जून से 20 जून तक विकास प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत संरचना, औद्योगिक निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, कानून-व्यवस्था तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती एवं कृषि नवाचारों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित कर किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर, विधायकगण, जनप्रतिनिधि सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा के शिक्षकों के तबादले का आदेश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जहां एक ओर यूपी में बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के एक जिले से दूसरे जिले में तबादलों को लेकर आदेश जारी कर दिया है। वहीं दूसरी ओर जनगणना में लगे शिक्षकों के तबा. दले पर पाबंदी लगा दी गई है इस लेकिन जो विकलांग बुजुर्ग और बीमार लोग हैं उन लोगों के तबा. दले किए जा सकेंगे। लंबे समय से अंतर्जनपदीय तबादलों को लेकर शिक्षक मांग कर रहे । यूपी सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतरजन. पदीय तबादले करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि शिक्षक/शिक्षिका के खुद या उनके अविवाहित पुत्र-पुत्री के दिव्यांग होने, कैंसर पीड़ित होने या डायलिसिस पर होने की दशा में स्थानांतरण किया जा सकेगा। इसी तरह, यदि पति/पत्नी दोनों बसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक हैं और उनमें से किसी के द्वारा आवेदन किया जाता है तो जहां पर शिक्षक-छात्र अनुपात न्यून होगा, उस जिले में उन दोनों में से किसी एक का स्थानांतरण किया जा सकेगा।

# जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने को भाजपा राहुल और कांग्रेस पर कर रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने अपने वाराणसी स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जनता के वास्तविक मुद्दों से पूरी तरह भाग रही ।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने श्री अजय राय जी ने कहा कि महोबा की दलित बेटी के साथ हुए अन्याय और उत्पीड़न के मामले में जब कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी हुई और न्याय की आवाज बुलंद की, तब भाजपा बौखला गई। सरकार को पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की चिन्ता नहीं हुई, बल्कि राहुल गांधी जी और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ राजनीतिक हमले शुरू कर दिए गए। भाजपा अपनी प्रशासनिक विफलताओं, बिगड़ती कानून व्यवस्था और दलित, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनहीनता को छिपाने के लिए कांग्रेस पर प्रहार कर रही है।

# राज्य कर विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल भवन, लाटूश रोड, लखनऊ में राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी पंजीयन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सरल बनाने के उद्देश्य से खंड-3, खंड-4, खंड-5 एवं खंड-7 के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने व्यापारियों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि हाल ही में जीएसटी विभाग द्वारा ई-वे बिल निरस्तीकरण (कैंसिलेशन) संबंधी लागू की गई नई व्यवस्था व्यापारियों के लिए व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि ई-वे बिल की पहले से निर्धारित समय सीमा होती है और यदि परिवहन के दौरान किसी कारणवश उसकी वैधता समाप्त हो जाती है तो व्यापारियों को पुनः ई-वे बिल जनरेट करना पड़ता है, जिससे अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



संवाद कार्यक्रम में उदय प्रताप सिंह (ज्वाइंट कमिश्नर, रेंज-ए, लखनऊ), राखी सिंह (उपायुक्त, खंड-4), अनिल कुमार (खंड-5), पूनम गुप्ता (खंड-6), प्रमोद विश्वकर्मा (खंड-3), असिस्टेंट कमिश्नर अनुपमा सिंह, राज्य कर अधिकारी संजय सिंह एवं रवि भूषण उपस्थित रहे।

व्यापारियों की ओर से लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, सतीश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, अनिल वरमानी, पवन मना. चा, देवेंद्र गुप्ता, अनुराग मिश्र, जितेंद्र सिंह चौहान, सुहैल हैदर अल्वी, अरविंद पाठक, नितिन जैन, मनीष गुप्ता, कुश मिश्र सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिका. रियों एवं व्यापारियों के बीच विभिन्न कर संबंधी विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# तिलोई गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी, संवाददाता। तिलोई क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। तिलोई गैस एजेंसी पर रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण अब सुचारु रूप से किया जा रहा है। एजेंसी पर पहुंच रहे उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एजेंसी प्रबंधन ने गुरुवार से होम डिलीवरी सेवा भी पुनः शुरू कर दी है। इससे अब उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए एजेंसी तक आने की आवश्यकता नहीं होगी और सिलेंडर सीधे उनके घर तक पहुंचाए जाएंगे। एजेंसी प्रबंधन ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं तथा वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित कर दिया गया है। होम डिलीवरी सेवा शुरू होने से क्षेत्र के बुजुर्गों, महिलाओं और दूरदराज के उपभोक्ताओं को विशेष सुविधा मिलेगी।



स्थानीय उपभोक्ताओं ने भी गैस आपूर्ति व्यवस्था के सामान्य होने पर संतोष व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि आगे भी वितरण प्रक्रिया इसी तरह निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

# हटाए गए कर्मचारियों को तत्काल बहाल करने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें बताया कि लखनऊ के पदाधिकारियों द्वारा ऊर्जा मंत्री द्वारा बिना कारण संविदा कर्मियों को सेवा से न हटाए जाने संबंधी दिए गए निर्देशों का स्वागत करते हुए पावर कारपा. ेरेशन प्रबंधन से मांग की है कि मैनपावर रेशनलाइजेशन के नाम पर अक्टूबर 2024 से हटाए गए लगभग 25,000 आउटसोर्स कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2017 में जारी आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्रों के विद्युत उपकेंद्रों पर 36 तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपकेंद्रों पर 20 आउटसोर्स कर्मचारियों को तैनात करने की व्यवस्था निर्धारित की गई थी। इसी मानक के आधार पर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था वर्षों तक सुचारु रूप से संचालित होती रही।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि नए टेंडरों में निर्धारित मानकों को दरकिनार करते हुए शहरी क्षेत्रों में 36 आउटसोर्स कर्मचारियों के स्थान पर मात्र 18.5 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20 कर्मियों के स्थान पर केवल 12.5 कर्मियों को तैनात करने कि व्यवस्था का प्रावधान किया जा रहा है तथा राजधानी लखनऊ सहित जिन स्थानों पर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग किया गया है उन स्थानों पर 7.5 कर्मचारियों को तैनात किया जा रहा है।

संगठन पदाधिकारियों ने सवाल उठाया कि जब निगमों के शीर्ष अधिकारियों और प्रबंध निद. ेशकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष है, तब बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को 55 वर्ष की आयु में हटाने का क्या औचित्य है।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधाओं और फाल्ट की घटनाओं में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है, बल्कि समस्या यह है कि फाल्टों को तत्काल ठीक करने वाले अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या लगातार घटाई जा रही है।

# खेत में काम करते समय सर्पदंश से किसान की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जिले के भेटुआ विकास खंड क्षेत्र में सर्पदंश की दर्दनाक घटना में एक किसान की मौत हो गई। घाटमपुर ग्राम पंचायत के शिवगंज मजरे निवासी 40 वर्षीय महेश कुमार कश्यप को मंगलवार शाम खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने डस लिया।

इलाज के लिए उन्हें पहले स्थानीय स्तर पर ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर सुलतानपुर जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर किया गया। उपचार के दौरान बुधवार को उनकी मृत्यु हो गई।

परिजनों के अनुसार मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे महेश खेत में काम कर रहे थे, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। पहले उन्हें झाड़-फूंक के लिए टिकरी ले जाया गया, लेकिन वहां मौजूद व्यक्ति ने हालत गंभीर देखते हुए तुरंत अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

इसके बाद परिजन उन्हें सुलतानपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान महेश ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार देर रात उनका शव गांव पहुंचा। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। महेश अपने पीछे पत्नी गायत्री और चार नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष वैश्विक प्रतिष्ठा के साबित हुए

## भारत ने विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए आयाम स्थापित किए : योगेन्द्र उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मोदी सरकार के वर्ष वेश्विक प्रतिष्टा के साबित हुए।प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं कानपुर के प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गुरुवार को कानपुर में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण' को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों एवं रूपरेखा की जानक. ारी देते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष भारत के उत्कर्ष, आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के वर्ष रहे हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 का हटाया जाना, आतंकवाद के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक तथा आपरेशन सिंदूर जैसे कदमों ने भारत की सुरक्षा नीति को नई मजबूती प्रदान की है। इन निर्णयों ने यह संदेश दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक चेतना का पुनर्जागरण हुआ है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम का पुनर्विकास, सोमनाथ सहित अनेक प्रमुख तीर्थ स्थलों का सौंदर्यीकरण देश की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने वाला कार्य है। इन परियोजनाओं से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्राप्त हुई है।मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से भारत ने तकनीकी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नवाचार और सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की दृष्टि से भी मोदी सरकार का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान सम्मान निधि, जन-धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन और हर घर बिजली जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया है। इन योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, श्रमिक और वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज सरकार केवल योजनाएं संचालित नहीं कर रही, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह नागरिकों के साथ खड़ी दिखाई देती है।

**विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों एवं रूपरेखा की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष भारत के उत्कर्ष, आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के वर्ष रहे हैं**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

